INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	Department: Hindi	
Worksheet No: 12	**Topic:** चित्र वर्णन	**Note: Pl. write in your note book**

चित्र वर्णन

प्रश्न - दिए गए चित्र का वर्णन 35 से 40 शब्दों में कीजिए:-

इस चित्र में हम कुदरत का बहुत सुंदर दृश्य देख रहे हैं। यह चित्र एक उपवन का है जिसके चारों ओर छोटी-छोटी पहाड़ियाँ हैं| इस चित्र में हम बहुत सारे पशु-पक्षी देख रहे हैं जैसे कि कुत्ता ,बिल्ली ,बंदर, हिरण ,खरगोश, बत्तख, हँस तथा कछुए। हरी -भरी घास तथा पेड़ों के कारण इस चित्र में चारों ओर हरियाली दिखाई दे रही है। इस चित्र में दो पेड़ों के सहारे बंधे हुए झूले पर एक लड़का और एक लड़की बैठे हुए हैं। वे दोनों बहुत खुश लग रहे हैं। लड़की पुस्तक पढ़ रही है और लड़का सुंदर झील में तैर रहे हँसों को देख रहा है। झील में दो कछुए भी तैर रहे हैं। पेड़ों के नीचे कुछ छोटी-छोटी झाड़ियां भी है। यह चित्र बहुत साफ- सुथरा है जिससे हमें सीख मिलती है कि हमें अपने चारों तरफ साफ -सफाई रखनी चाहिए।